हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

12 करकरा में दुर्गोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे...



12 विकास कार्यों को गति देने भाजपा नेत्रियों ने...



[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

नवरात्रि विशेष



पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

घने पहाड़ों के बीच आस्था का केंद्र: भाठीगढ़ पहाड़ी की चोटी पर पैरी नदी का अनूठा उद्गम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम भाठीगढ़ की पहाड़ी प्रकृति का एक ऐसा अनूठा और रहस्यमयी अजूबा समेटे हुए है, जो हर किसी को अचंभित कर देता है। हजारों फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पहाड़ी पर पत्थरों के सीने को चीरकर प्राकृतिक रूप से पवित्र पैरी नदी का उद्गम हुआ है। सबसे बड़ी विशेषता यह है कि भीषण गर्मी हो, कड़ाके की ठंड या मूसलाधार बारिश, यहाँ 12 महीने लगातार शीतल पानी की अनवरत धारा बहती रहती है। पहाड़ी की ऊंचाइयों पर पत्थरों के बीच से बारहमासी जलधारा निकलने के इस प्राकृतिक स्रोत ने वैज्ञानिकों को भी हैरान कर रखा है। लगभग 25 साल पहले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से आई भू-वैज्ञानिकों की टीम ने इस स्थल का अध्ययन किया था। इस अद्भुत जलधारा के रहस्य से अभिभूत होकर उन विदेशी वैज्ञानिकों ने न केवल शोध किया, बल्कि बाद में अपने परिवार के साथ यहां पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना भी की थी।

भाठीगढ़ पहाड़ी की लोक-मान्यताओं के अनुसार, त्रेतायुग या पौराणिक काल में माता पार्वती इस पहाड़ी के ऊपर से गुजर रही थीं। मान्यता है कि उनके पैर की पायल जहां टूटकर गिरी, वहीं से पैरी नदी का जन्म हुआ। यही कारण है कि यह क्षेत्र छत्तीसगढ़ के प्रमुख धार्मिक और आध्यात्मिक आस्था केंद्रों में शुमार है।

अलग खबर


सैकड़ों रहस्यमयी गुफाएं, आदमखोर 'मायावती' का इतिहास; प्रकृति जहां खुद करती है अभिषेक

प्राचीन गुफाएं व रियासतकालीन धरोहर

पहाड़ी पर कई विशाल गुहाएं और प्राकृतिक गुफाएं हैं। यहाँ के अनेक गुप्त स्थानों पर देवी-देवताओं के पवित्र वास हैं, जहाँ रियासतकाल की प्राचीन तलवारें और खड़ग आज भी सुरक्षित रखे हुए हैं। यहाँ केवल जानकार लोग ही पहुँच पाते हैं, जो नवरात्रि में विशेष पूजा करते हैं। यह क्षेत्र समृद्ध जैव-विविधता से भरपूर है। यह घना जंगली इलाका नीलगाय, चीतल, सांभर, तेंदुआ, खरगोश और मोर जैसे वन्य प्राणियों का प्राकृतिक आवास है।







आदमखोर 'मायावती' का रोमांचक किस्सा : आज से लगभग तीन दशक पहले इस इलाके में आदमखोर शेरनी 'मायावती' और उसके शावक 'राजा' का भारी आतंक था। वन विभाग की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद इसी पहाड़ी पर पिंजरा लगाकर उन्हें कैद किया था, जिसकी चर्चा आज भी स्थानीय किस्सों में जीवंत है। यदि इस ऐतिहासिक व प्राकृतिक धरोहर को शासन-प्रशासन द्वारा पर्यटन मानचित्र पर और अधिक मजबूती से उभारा जाए, तो भाठीगढ़ पहाड़ी छत्तीसगढ़ का एक बेहतरीन इको-टूरिज्म केंद्र बन सकता है।

20 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन, नगरीय प्रशासन मंत्री का पुतला फूंका

गंदगी और कथित भ्रष्टाचार पर कांग्रेस का हल्लाबोल, नगरपालिका का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शहर में पसरी गंदगी, निर्माण कार्यों में कथित अनियमितताओं और विकास कार्यों की लेटलतीफी को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को नगरपालिका के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने नगरीय प्रशासन मंत्री का पुतला दहन किया। 20 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरीय प्रशासन सचिव एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

- बेरिकेड्स पर पुलिस से हुई झूमाझटकी

नगरपालिका घेराव से पहले जिला कांग्रेस कार्यालय में सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि गरियाबंद शहर गंदगी और अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है। नगरपालिका के कामकाज में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के कारण आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस पहले भी विभिन्न माध्यमों से इन समस्याओं की ओर नगरपालिका प्रशासन का ध्यान आकर्षित करा चुकी है, लेकिन अपेक्षित समाधान नहीं होने के कारण पार्टी को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा है। यदि मांगों पर गंभीरता से विचार कर कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन करेगी। सभा समाप्त होने के बाद कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता पैदल रैली के रूप में नगरपालिका कार्यालय के लिए रवाना हुए। रैली तिरंगा चौक और बस स्टैंड होते हुए नगरपालिका कार्यालय पहुंची। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस ने कार्यालय के पहले ही बेरिकेड्स लगा दिए थे। आगे बढ़ने की कोशिश के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी की स्थिति बनी। इसके बावजूद कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन जारी रखा और सरकार तथा नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।





ये रहे मौजूद:

प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, नीरज ठाकुर, रमेश शर्मा, पवन सोनकर, सन्नी मेमन, आबिद ढेबर, अमित मीरी, लोकेंद्र कोमर्रा, प्रहलाद यदु, छगन यादव, राजेश साहू, प्रेम सोनवानी, जुनैद खान, संदीप सरकार, पूना यादव, रमेश वर्मा, योगेश बघेल, मुकेश पांडेय, अजय बाजपेयी, चेतन सिन्हा, गोरेलाल सिन्हा, रितिक सिन्हा, निरंजन प्रधान, प्रहलाद यादव, हेमलता सिन्हा और वेदांत शर्मा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नया तालाब, अवैध प्लाटिंग और निर्माण कार्यों की जांच की मांग

कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में शहर की विभिन्न नागरिक समस्याओं और लंबित विकास कार्यों को प्रमुखता से उठाया गया है। पार्टी ने नया तालाब के गहरीकरण कार्य में कथित अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की। नालंदा से संबंधित कार्य प्रारंभ कराने तथा देवरानीन तालाब और नया तालाब के स्वीकृत कार्यों को शुरू करने की मांग भी रखी गई। शहर में हो रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने, नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने और नगरपालिका क्षेत्र में कराए गए निर्माण कार्यों की जांच कराने की मांग शामिल है। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगरीय प्रशासन मंत्री का पुतला दहन किया और ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों पर कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

गाय चराने गए युवक पर दो भालुओं का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

क्षेत्र के वन परिक्षेत्र तौरेंगा के जंगल में गाय चराने गए एक युवक पर दो भालू ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद देर शाम जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर जोन एरिया तौरेंगा वन परिक्षेत्र अंतर्गत राजपडाव गौरगाव इलाके के ग्राम गरीबा मंहुआना ला 30 वर्षीय मदन नेताम पर दो भालुओं ने हमला कर दिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी तौरंगा श्री केजूराम कोरचें ने बताया कि मदन नेताम जंगल में गाय चराने गया था। इसी दौरान शाम करीब 4.30 बजे खरता बेड़ा जंगल में दो भालुओं ने उस पर हमला कर दिया। घटना के समय बंशी नेताम भी उसके साथ मौजूद थे। भालुओं के हमले में मदन घायल हो गया। घटना के बाद उसे उपचार के लिए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया रेंजर ने आगे बताया वन विभाग द्वारा उन्हें मुआवजा राशि दी जाएगी।



- गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

खबर संक्षेप

रमई पाठ धाम में आज श्रृंगार पंचमी पूजा, दोपहर में गूंजेगी पंडवानी



मुड़ागांव (कोरासी)। छुरा विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम सोरिद खुर्द से करीब एक किलोमीटर दूर रमई पाठ धाम में 15 अक्टूबर को माता श्रृंगार पंचमी पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान के साथ लोककला और संस्कृति की अनूठी छटा भी देखने को मिलेगी। कार्यक्रम के तहत दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कलाकारों द्वारा 'तुलसी के फूल' कार्यक्रम के अंतर्गत पंडवानी की प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें ग्राम मड़ेली, विकासखंड छुरा, जिला गरियाबंद की पंडवानी मंडली की कलाकार भामिनी मानिकपुरी एवं गीतांजलि साहू अपनी प्रस्तुति देंगी। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में रमई पाठ धाम पहुंचकर माता की श्रृंगार पंचमी पूजा में शामिल होने तथा पंडवानी गायन का आनंद लेने की अपील की है।

नेशनल हाइवे मे ट्रैक्टर ट्राली खाई में गिरी



मैनपुर। मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी मार्ग में राजापड़ाव के आगे आज एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। जेसीबी के माध्यम से ट्रैक्टर ट्राली को निकाला गया।

कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

गरियाबंद। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मंगलवार शाम जिला मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में संचालित विभिन्न निर्माण व विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नवीन महिला महाविद्यालय स्थल, 50-बिस्तरीय क्रिटिकल केयर यूनिट, जिला अस्पताल स्टाफ क्वार्टर, जीएडी के 40 आवास, परिवहन कार्यालय भवन और स्वच्छता केंद्रों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम हितेश्वरी बाघे, पीडब्ल्यूडी ईई रामेश्वर कंवर, सीएमएचओ डॉ. नवरत्न, और सीएमओ संध्या वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

- 15 दिन में जीएडी आवास आवंटित करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने नवीन महिला महाविद्यालय निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। डोंगरीगांव में चिन्हांकित स्थल का अवलोकन कर कलेक्टर ने आवश्यक प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए, जिससे क्षेत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा की सुविधा मिल सके। अंतिम चरण में पहुंच चुकी 50-बिस्तरीय क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने मुख्य सड़क से अस्पताल तक सुगम आवागमन के लिए जनपद सीईओ को मिट्टी-मुरुम सड़क तत्काल तैयार करने को कहा। दो वर्ष पूर्व बने अस्पताल स्टाफ क्वार्टर का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, जीएडी के निर्मित 40 आवासों में बिजली व्यवस्था पूर्ण कर 15 दिनों के भीतर आवंटन करने के स्पष्ट निर्देश दिए। जिले में खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु कलेक्टर ने एसडीएम को उपयुक्त 20 एकड़ भूमि चिन्हांकित करने की जिम्मेदारी सौंपी।



कुरुद से तरीघाट टू - लेन सड़क चौड़ीकरण सहित अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन- लोकार्पण आज

कोपरा। क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से बुधवार को कुरुद से तरीघाट टू लेन सड़क चौड़ीकरण सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम ग्राम सहसपुर मे आयोजित होगा। कार्यक्रम में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जिला पंचायत सभापति नंदनी साहू, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजपा जिलामंहमंत्री चंद्रशेखर साहू, भाजपा मंडल कोपरा के अध्यक्ष गोपी ध्रुव, महामंत्री हेमंत वर्मा, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।



- विधायक रोहित होंगे मुख्य अतिथि, शिव चौक सहसपुर में कार्यक्रम

क्वांर माह में लो वोल्टेज और गुल की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम और आसपास के इलाकों में लोग भरे क्वांर महीने में भी गंभीर लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। क्वांर मास में यह हाल है, तो आने वाले भीषण गर्मी के दिनों में क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

- सब-स्टेशन होने के बाद भी हाल बेहाल
- नियमित व पूरे वोल्टेज वाली आपूर्ति की जाए बहाल

आधुनिकता के इस दौर में भी लो वोल्टेज के कारण घरेलू और सार्वजनिक पंप बार-बार जलकर खराब हो रहे हैं। घरों में लगे पंखे इतनी धीमी गति से घूम रहे हैं कि लोग कटाक्ष करते हुए कह रहे हैं कि पंखे हवा कम और भगवान की आरती ज्यादा कर रहे हैं। ग्राम में विद्युत सब-स्टेशन होने के बावजूद ग्रामीण इस समस्या से परेशान हैं। पचपीला बाई ठाकुर, कुबेर बारिक, पुरोहित यादव, कसराम ठाकुर, कृष्णा यादव, साधना जायसवाल, संतराम कोमर्रा, रामेश्वर सिन्हा और राघवेंद्र यादव सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से इस समस्या को दूर करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ कोरे आश्वासन ही मिले हैं। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।



नियमित बिल भुगतान के बावजूद असुविधा : ग्रामीणों का कहना है कि वे बिजली बिल का नियमित भुगतान कर रहे हैं, इसके बावजूद पर्याप्त वोल्टेज न मिलना चिंता का विषय है। बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के खिलाफ लोगों में अब गहरा आक्रोश देखा जा रहा है।

क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों ने संबंधित विद्युत विभाग से तत्काल मांग की है कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था की जांच की जाए। ट्रांसफार्मर की क्षमता, विद्युत लाइनों और लोड का परीक्षण कर लो वोल्टेज की समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को इस परेशानी से राहत मिल सके।

वडनगर की यात्रा से लौटे भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक

सेवा तीर्थ यात्रियों का विधायक रोहित ने किया का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

वडनगर की यात्रा से लौटे छत्तीसगढ़ के यात्रा प्रभारी जिला भाजयुमो अध्यक्ष दीपक साहू का सम्मान बुधवार को राजिम विधायक रोहित साहू ने किया।

मालूम हो कि वाराणसी से गुजरात के वडनगर तक जल जन सेवा संकल्प अभियान में सहभागी छत्तीसगढ़ के सेवा तीर्थ यात्रियो के समर्पण और राष्ट्रहित के संकल्प की सराहना करते हुए विधायक श्री साहू ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि जल जन सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक 21 दिवसीय यात्रा आयोजित की गई। इस यात्रा का उद्देश्य सेवा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक जागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। वाराणसी से वडनगर तक की इस यात्रा में विभिन्न राज्यों के सेवा तीर्थ यात्रियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सम्मान समारोह में दीपक साहू, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा गरियाबंद एवं छत्तीसगढ़ यात्रा प्रभारी, ओंकार साहू, रवि साहू, सुरेन्द्र साहू, टूकेश्वर साहू, देवनारायण साहू, उमेश साहू सहित सेवा तीर्थ यात्री उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच लोमश राम साहू, उपसरपंच नीलेश टंडन, संजय सोनकर, शीतला सिन्हा, आयुष तिवारी, मुकेश ध्रुव, मनीष साहू, पुखराज साहू, घनश्याम ध्रुव, सुनील साहू सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।



केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बढ़ाया हौसला

छत्तीसगढ़ के यात्रा प्रभारी दीपक साहू ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि यात्रा के दौरान विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियो ने न केवल शाबासी दी, बल्कि हौसला बढ़ाया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान,गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल,पश्चिम बंगार के मुख्यमंत्री शिवेंदु अधिकारी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,उपमुख्यमंत्री अरूण साव,गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष भाई संघवी, छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंग, नवीन मार्कंडेय,प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिहा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि हमारे लिए पार्टी बड़ी है। पार्टी के हर निर्देशों का पालन करेंगे।

इको क्लब ने चलाया पर्यावरण स्वच्छता जागरूकता अभियान

फिंगेश्वर। जुपिटर पब्लिक स्कूल के इको क्लब द्वारा ग्राम पंचायत परसदाकला में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय पर्यावरण एवं स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम विद्यालय के संचालक जितेन्द्र कुमार साहू,प्राचार्य, उपप्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों में पर्यावरण संरक्षण,स्वच्छता तथा सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता विकसित करना था। ग्राम पंचायत के सरपंच गणेश साहू,उपसरपंच श्रीमती पिलेश्वरी साहू एवं वार्ड पंच भी उपस्थित रहे। विद्यालय के इको क्लब प्रभारी लोकेश साहू,श्रीमती कुसुम साहू एवं सुश्री ममता साहू भी मौजूद रहे। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक के एकल उपयोग से बचने,जल संरक्षण करने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संदेश दिया गया।





संकलनकर्ता : गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख जिला – गरियाबंद, मो.: 9993223300

उरेन्द्र साहू, हरिभूमि संवाददाता, कोपरा



ग्राम पंचायत पतोरा,साहू ग्राम समाज पतोरा, नव ज्योति दुर्गा समिति पतोरा वि ख फिगेश्वर जि गरियाबंद



खबर संक्षेप

शीतला मंदिर में टिन शेड निर्माण का भूमिपूजन आज

रसेला। ग्राम के शीतला मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टिन शेड निर्माण कार्य की पहल की जा रही है। मंदिर परिसर में टिन शेड निर्माण के लिए भूमिपूजन विधायक जनकराम ध्रुव करेंगे। आज पंचमी के अवसर पर 9.48 लाख, का भूमिपूजन किया जाएगा। इस निर्माण कार्य से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से नवरात्रि एवं अन्य धार्मिक पर्वों के दौरान माता के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। ऐसे में टिन शेड बनने से श्रद्धालुओं को धूप और बारिश से राहत मिलेगी। इस सुविधा के विकसित होने से मंदिर में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान सहूलियत मिलेगी। इस कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए पंचायत जनप्रतिनिधि व ग्राम प्रमुख और शीतला समिति के सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

पिपरौद में 22 अक्टूबर से गूंजेगी शिव महापुराण कथा

नवापारा-राजिम। ग्राम पिपरौद में



भगवान भोलेनाथ की महिमा, शिव भक्ति और आध्यात्मिक चेतना की अविरल धारा बहने जा रही है। 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कथा वाचक युवराज पांडे अपनी ओजस्वी वाणी और संगीतमय शैली में भगवान शिव की महिमा, उनके दिव्य स्वरूप और शिव महापुराण में वर्णित अलौकिक प्रसंगों का रसपान कराएंगे। सामाजिक कार्यकर्ता डिगेश्वरी-कुमार साहू के आयोजन में होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल है। साहू परिवार सहित ग्रामवासी आयोजन को यादगार बनाने में जुटे हैं। कथा स्थल पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। 22 अक्टूबर, गुरुवार को कलश यात्रा, पिट पूजा और शिव महापुराण की आरती के साथ कथा का शुभारंभ होगा। कथा के दूसरे दिन 23 अक्टूबर को शिव पूजन विधि, भस्मधारण, रुद्राक्ष की महिमा, ब्रह्मा-नारद संवाद और नारद मोह के प्रसंग सुनाए जाएंगे।

परसदा जोशी में आज डीजे डांस प्रतियोगिता

राजिम। ग्राम परसदाजोशी में 15 अक्टूबर को शाम 6 बजे से डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों से कलाकार भाग लेकर अपनी कला कौशल का जौहर दिखाएंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य नंदनी-कोमल ढीढी, विशिष्ट अतिथि मधुबाला रात्रे,सरपंच गिनी सोनी ,बेनराज सोनी, पूर्व सरपंच, नूतन साहू ,अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव , मोहन साहू ,योगेश यादव, ताराचंद दिवाकर, गोवर्धन साहू मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में समूह,युगल एवं एकल डांस की प्रतियोगिता होगी जिसमें समूह डांस प्रथम ईनाम 10001रू, द्वितीय ईनाम 6001 रू, तृतीय ईनाम 4001 रू चतुर्थ 2001रू दिया जाएगा।

ओनवा पहुंच मार्ग और नाला में पुल निर्माण को बजट में शामिल कराने का आश्वासन

करकरा में दुर्गोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे विधायक रोहित ने दी कई विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम करकरा में बुधवार, 14 अक्टूबर को नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, गायत्री मंदिर चौक एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र के अवसर पर दुर्गोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत गरियाबंद की सभापति शिवांगी चतुर्वेदी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल खड़मा के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री किसान मोर्चा संदीप पाण्डेय, जनपद सदस्य एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री पंकज निर्मलकर, फणिकेश्वर महाविद्यालय फिंगेश्वर के अध्यक्ष राजू साहू, जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, जनपद सदस्य पुष्पलता सिन्हा, भाजपा मंडल खड़मा के महामंत्री पालेन्द्र साहू एवं पुरुषोत्तम गिरी गोस्वामी, बूथ अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, ग्राम पंचायत करकरा की सरपंच राधिका दीवान, उपसरपंच लालबहादुर यादव तथा ग्राम पटेल मुलचंद निर्मलकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने माता दुर्गा के दर्शन कर गांव एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी।



ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने की विकास कार्यों की घोषणा

मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा राजिम विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति दी जा रही है। क्षेत्र में बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर ग्राम विकास समिति के लिए शीतला मंदिर में ज्योति कक्ष, रंगमंच निर्माण तथा स्कूल में अहाता निर्माण कराने की बात कही। इसके साथ ही करकरा से ओनवा पहुंच मार्ग के निर्माण एवं नाले पर पुल बनाने के प्रस्ताव को बजट में शामिल कराकर स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया। विधायक ने कोरासी में मुक्तिधाम एवं प्रतीक्षालय निर्माण तथा ग्राम पंचायत खैरझिटी के आश्रित ग्राम गिधनी और ओनवा में आंगनबाड़ी भवन, मुक्तिधाम एवं प्रतीक्षालय निर्माण कराने की भी बात कही। इन घोषणाओं से ग्रामीणों में विकास कार्यों को लेकर उम्मीद जगी है।

समितियों को स्वेच्छानुदान देने की घोषणा

विधायक रोहित ने शीतला माता सेवा समिति, क्रिकेट समिति एवं गायत्री मंदिर समिति को पांच-पांच हजार रुपये की स्वेच्छानुदान राशि देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता सोमन यदु, रमन नामदेव, रामप्रसाद साण्डिल्य, देवानंद सिन्हा, साजापाली के सरपंच थानेश्वर मंडावी, ओनवा के सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पुरेना मोड़ में आकर्षण का केंद्र बनीं जीवंत मूर्तियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा-बेलर

शारदीय नवरात्र पर भक्तिमय वातावरण के बीच दुर्गा पूजा उत्सव पुरेना चौक में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यहां सुसज्जित पूजा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। आकर्षक सजावट और कलात्मक प्रतिमाओं के बीच प्रवेश द्वार पर स्थापित बुजुर्ग महिला एवं पुरुष की जीवंत प्रतिमा लोगों के विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। क्षेत्र के प्रसिद्ध मूर्तिकार जग्गू सिन्हा बेलर द्वारा इस नवरात्र पर्व के दौरान दर्जनों आकर्षक मूर्तियों का निर्माण किया गया है। उन्होंने अपनी कलात्मक प्रतिभा से प्रतिमाओं को सुंदर स्वरूप प्रदान करने के साथ ही उनके श्रृंगार और सजावट की है। उन्होंने पुरेना मोड़ के पूजा आयोजन के लिए एक प्रतिमा दान में दी है, जिसकी व्यवस्था और संचालन चौक के व्यवसायियों द्वारा किया जा रहा है। पुरेना मोड़ के पूजा पंडाल में प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। वहीं, प्रवेश द्वार पर कुर्सी पर बैठे बुजुर्ग महिला और पुरुष की प्रतिमा लोगों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही है। हाथ में डंडा लिए बैठे बुजुर्ग दंपती की यह कलाकृति इतनी वास्तविक प्रतीत होती है कि पहली नजर में लोग इसे प्रतिमा के बजाय सामान्य व्यक्ति समझने लगते हैं। मूर्तिकार ने चेहरे के भाव, बैठने की मुद्रा और पहनावे ,हाथ में डंडा, अपने सामने एक काला कुत्ता को इस तरह स्वरूप दिया है कि प्रतिमा में जीवंतता का आभास होता है। मांदर खंजीरा,चांक डमरूवा की मधुर ध्वनि जोन भरी सेवा जसगीत,रामधुनी की प्रस्तुति को देखने सुनने को मिल रहा है। सेवा सहयोग प्रदान करने वालों में नेतराम साहू (पंडा) रामाधार साहू ,कन्हैया मिर्चे, संतोष यादव,जगतमिर्चे, झाडूराम निषाद, मोतीराम ध्रुव' जग्गु सिन्हा, धनेश्वर निषाद, उदेराम साहू, रमेश्वर खुटे , खिलेश्वर निषाद, प्रेम निषाद, प्रमोद दास, महेश्वर दास, सालिक सेन, हरिदेव सेन उत्तमकुमार साहू, प्रेमलाला निषाद, नरेश जांगड़े, महेश्वर निषाद रामदास, कुराम ध्रुव , विश्वनाथ साहू, पुष्पेन्द्र ध्रुव शामिल हैं।

सारागांव में दुर्गा पंडालों में सुबह-शाम आरती और रात में गूंज रहे जसगीत

छुरा। ग्राम सारागांव में क्वांर नवरात्र पर बजरंग चौक स्थित नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। वहीं शीतला मंदिर में भी ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। नवरात्र पर्व को लेकर गांव के विभिन्न पूजा पंडालों में विशेष साज-सज्जा की गई है, जिससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आ रहा है। नवरात्र के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम मां दुर्गा की आरती में गांव के सभी वर्गों के लोग उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं। वहीं रात्रि में जसगीत के माध्यम से माता रानी की महिमा का गुणगान किया जा रहा है। भक्ति गीतों और जयकारों से गांव का वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया है। आयोजन में गोलू देवांगन, नीलकंठ देवांगन, मिथिलेश कुमार, उमेश निषाद, खूबचंद देवांगन, महेश निर्मलकर, राजा यादव, चारु दीवान, कृष्णा नायक, अमर सिंह दीवान, प्रमोद देवांगन, अंकित देवांगन, रूपऊ दीवान, रुस्तम दीवान और रोशन क्वर सहित गांव के युवा एवं महिलाएं सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं।





विकास कार्यों को गति देने भाजपा नेत्रियों ने मंत्री नेताम को सौंपा ज्ञापन

मैनपुर। राज्य के आदिम जाति विकास कृषि एवं किसान कल्याण मछली पालन पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री नंदनी नेताम एवं जनपद पंचायत मैनपुर के सदस्य कुमारी बाई पटेल ने मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए मांगपत्र सौंपा गया। क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयो पर चर्चा की गई। कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने सभी समस्याओ को गंभीरता से सुनकर समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान क्षेत्र के जाड़ापदर, तुहामेटा, कोनारी, गंगाजमुना मे माता देवगुढ़ी निर्माण, सीसी रोड़ निर्माण की भी मांग किया गया। भाजपा नेत्री नंदिनी नेताम और कुमारी बाई पटेल द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में क्षेत्र की बुनियादी जरूरतों को प्रमुखता से रखा गया आवागमन को सुगम बनाने के लिए पक्की सड़कों, पुल और पुलिया के निर्माण की मांग ग्रामीण और अंदरूनी इलाकों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु विद्युत विस्तार की मांग।

विधायक इंद्रकुमार ने ग्रामीण विकास के लिए कराए लगभग तीन करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

विधायक इंद्रकुमार साहू के विशेष प्रयासों से ब्लाक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की सुविधा और प्रशासनिक संचालन के लिए सामुदायिक पंचायत भवन निर्माण कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जानकारी के मुताबिक



जिला पंचायत खाद्यान्न भंडारण रायपुर द्वारा विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण के तहत कुल 15 ग्राम पंचायतों में लगभग दो करोड़ 99लाख 91 हजार रुपए की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों में उगेतरा ग्राम पंचायत भवन निर्माण 19.99 लाख , कोलियारी ग्राम पंचायत भवन निर्माण 20 लाख, गोतियारडीह ग्राम पंचायत भवन निर्माण 20 लाख , घोंट ग्राम पंचायत भवन निर्माण 20लाख शामिल है। इसके अलावा छछानपैरी ग्राम पंचायत भवन निर्माण 20 लाख, छांटा ग्राम पंचायत भवन निर्माण 20 लाख, जवाईबांधा ग्राम पंचायत भवन निर्माण 19.99 लाख, पारागांव ग्राम पंचायत भवन निर्माण 20 लाख, बकतरा ग्राम पंचायत भवन निर्माण19.99 लाख, भोथीडीह पंचायत भवन निर्माण 19.99 लाख , निमोरा पंचायत भवन निर्माण 19.99 लाख , भरेंगा पंचायत भवन निर्माण 19.99 लाख , मोंहदी पंचायत भवन निर्माण 19.99 लाख, लमकेनी पंचायत भवन निर्माण 19.99 लाख, सोनेसिल्ली पंचायत भवन निर्माण 19.99 लाख शामिल है।

इन निर्माण कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी व सामाजिक गतिविधियों के संचालन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। विधायक श्री साहू ने कहा है कि अभनपुर विधानसभा के हर गांव का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

भाजपा सरकार आदिम जाति कल्याण विभाग का नाम किस षड़यंत्र के तहत बदल रही: विधायक ध्रुव

मैनपुर। छत्तीसगढ़ कैबिनेट द्वारा 'आदिम जाति विकास विभाग' का नाम बदलकर 'जनजातीय कार्य विभाग' किए जाने के फैसले पर विवाद गहरा गया है। इस निर्णय के खिलाफ आदिवासी समाज के नेताओं और जनप्रतिनिधियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। आदिवासी कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष एवं बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने इस फैसले पर कड़ा विरोध जताते हुए विभाग का नाम पूर्ववत रखने की मांग की है।



विधायक श्री ध्रुव ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह बदलाव केवल नाम बदलने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह 'आदिवासी' शब्द को विलोपित करने और समाज के अस्तित्व व पहचान को समाप्त करने का एक गहरा षड़यंत्र है। उन्होंने कहा कि 'आदिम जाति' महज एक शब्द समूह नहीं है, बल्कि यह समाज की वर्षों पुरानी संस्कृति, मान-सम्मान, प्रतिष्ठा और विचारधारा की आत्मा से जुड़ा हुआ है। विधायक ध्रुव ने सवाल उठाया कि राज्य की 75 प्रतिशत से अधिक आदिवासी आबादी आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। सरकार को दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार उपलब्ध कराने पर ध्यान देना चाहिए, न कि नाम बदलने पर। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद समाज के हितों से खिलवाड़ किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी और आदिवासी समाज इस फैसले को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। विधायक जनक ध्रुव ने राज्य सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है।

30 वर्षों से मां दुर्गा की आराधना कर रहे रामचंद्र

छुरा। धर्म, आस्था और विश्वास का जीवन में विशेष महत्व है। जब इंसान का विश्वास अटूट हो, तो कठिन परिस्थितियों में भी उसकी आस्था उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण ग्राम मोंगरा निवासी रामचंद्र नायक का है, जो पिछले 30 वर्षों से लगातार मां भगवती दुर्गा की आराधना कर रहे हैं। मां दुर्गा के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा और भक्ति की यह यात्रा क्षेत्र में आस्था का विशेष केंद्र बनी हुई है। रामचंद्र नायक के अनुसार, जब उन्होंने आर्थिक तंगी के कारण मां दुर्गा की स्थापना नहीं करने का निर्णय लिया, तभी एक दिन एक अज्ञात व्यक्ति उनके पास पहुंचा। उस व्यक्ति ने उनसे पूछा कि वे इस वर्ष मां दुर्गा की स्थापना क्यों नहीं कर रहे हैं। रामचंद्र नायक ने अपनी आर्थिक असमर्थता बताते हुए पूजा नहीं कर पाने की बात कही। इस पर उस अज्ञात व्यक्ति ने उनकी आर्थिक मदद करते हुए कहा कि



मां दुर्गा की स्थापना अवश्य करें। उसके बाद दो और लोगों ने मदद की। उस व्यक्ति का नाम और पता जानना चाहा, तो उसने केवल 'राजिम लोचन' नाम लिखने के लिए कहा। उसके बाद रामचंद्र नायक ने मां भगवती की आराधना निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया और अब तक जारी है।

बोइरडीही में सीने पर जोत रख कर श्रद्धालु कर रहा भक्ति

रसेला। क्षेत्र में नवरात्रि के पावन पर्व पर माता रानी की भक्ति और आस्था का अनूठा नजारा देखने को मिल रहा है। ग्राम कनसिघी के पारा बोइरडीही के निवासी भुपेश कुमार ध्रुव ने अपने घर पर नवरात्र शुभारंभ से अपने सीने पर ज्योत रखकर मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं। बोइरडीही में सीने पर ज्योत रखकर की जा रही आराधना श्रद्धालुओं के बीच विशेष



आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। भक्त भूपेश कुमार ध्रुव नौ दिनों तक बिना हिले डुले, एक ही मुद्रा में लेटे हैं। वे इस दौरान न तो कुछ खाते हैं और न ही पानी पीते हैं। गांव वालों ने बताया कि हर साल शारदीय नवरात्र पर्व पर सीने पर क्लश स्थापना करते हैं। माता की भक्ति में इतना शक्ति है कि बिना किसी कष्ट के 9 दिनों तक भूपेश ऐसे लेटे रहते हैं। 9 दिनों के बाद जब उठते हैं तो सामान्य लोगों जैसे ही रहते हैं।

चरौदा में लोकार्पण- भूमिपूजन, पतोरा में पंचमी श्रृंगार महोत्सव होगा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत पतोरा एंव ग्रामीण साहू समाज,दुर्गा समीति एवं समस्त ग्रामवासीयों की तत्वावधान में शारदीय नवरात्र पर्व को अवसर पचमी श्रृगांर महोत्सव का आयोजन गुरुवार को रखा गया है। ग्राम पंचायत पतोरा सरपंच सुरज घृतलहरे, पुर्व सरपंच उदे राम साहू, ग्राम साहू समाज कोमल साहू पतोरा ने बताया इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता हरिराम साहू अध्यक्ष साहू समाज परिक्षेत्र बेलर,, चन्द्रशेखर साहू जिला भाजपा महामंत्री सहित जनप्रतिनिधि ,साहू समाज,ग्रामवासी दोपहर 3 बजे शामिल होंगे। वही ग्राम पंचायत चरौदा में आज ही लोकार्पण,भूमिपूजन का कार्यक्रम दोपहर 1 बजे आयोजित किया गया है। सरपंच ग्राम पंचायत चरौदा गजानंद साहू, उपसरपंच सुरज पटेल ने कहा लोकार्पण-टीन शेड बाजार चौक, भूमिपूजन -सीसी रोड मौली चौक, सरस्वती शिशु मंदिर सामुदायिक निर्माण, टीन शेड निर्माण पुराना बाजार के पास,

. सामुदायिक भवन निर्माण सतनामी पारा होगें। के मुख्य अतिथि रोहित साहू, अध्यक्षता अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी, विअ संतोष उपाध्याय , चंद्रशेखर साहू महामंत्री भाजपा जिला गरियाबद, सतीश यादव उपाध्यक्ष जनपद फिंगेश्वर, महेश अध्यक्ष नगर पालिका राजिम, हरीश साहू जिला अध्यक्ष सरपंच संघ, राजू साहू अध्यक्ष फणिकेश्वर फिंगेश्वर महाविद्यालय, कामता सेन, सुनीला साहू, चमेली सेन, डॉ. विष्णु बंजारे, कांती ध्रुव, पुरण ध्रुव, केंवरा बाई साहू, अनिता बंजारे, रेखा निर्मलकर, मानकी ध्रुव, आस बाई बंजारे, डोमन बंजारे

सहित जनपद सदस्य, पंचगण जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

मछुआरा प्रकोष्ठ को बूथ स्तर तक मजबूत करें सरकारी योजनाएं समाज तक पहुंचाएं: कर्मवीर

राजिम। छत्तीसगढ़ मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति पदाधिकारियों की बैठक के बाद प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें बधाई दिया। यह जानकारी देते हुए भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शरद पारकर ने बताया कि श्री सिंग ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को मछुआरा समाज तक पहुचाने पर जोर दिया गया। कहा कि केंद्र सरकार ने मछुआरा कल्याण के लिये अलग मंत्रालय का गठन किया। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा



योजना,किसान क्रेडिट कार्ड ओर बीमा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इन योजनाओं से छत्तीसगढ़ सहित देश भर के मछुआरों की आय बढ़ी है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ नवीन मार्कण्डेय, अखिलेश सोनी , प्रदेश संयोजक प्रदीप निषाद, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, चुन्नीलाल साहू, प्रदेश प्रभारी कृष्ण बिहारी जायसवाल , भाजपा प्रदेश मंत्री अशोक बजाज मौजूद थे।



